**शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली**

**मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न-पत्र**

**सत्र: 2026-27**

**कक्षा - बारहवीं**

**समाजशास्त्र ( कोड : 039 )**

**अवधि : 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश :**

**1. प्रश्न पत्र को चार खंडों में बांटा गया है।**

**2. कुल 35 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**3. खंड क में प्रश्न संख्या 1-16 है । ये बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रश्न के अनुसार, एक उत्तर हो सकता है।**

**4. खंड ख में प्रश्न संख्या 17-25 है । ये बहुत ही लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

**5. खंड ग में प्रश्न संख्या 26-32 है। ये लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।**

**6. खंड घ में प्रश्न संख्या 33- 35 है । ये दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

**7. प्रश्न संख्या 33 का उत्तर दिए गए ग्राफिक्स की मदद से देना है।**

| | **खंड क** | |
|---|---|---|
| 1 | **निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन “अभिकथन(A)” के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन “कारण (R)” के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :**<br>**अभिकथन(A) :** जनसांख्यिकीय आँकड़े (Demographic Data) आर्थिक विकास और जनकल्याण से संबंधित सरकारी नीतियों के निर्माण तथा क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।<br>**कारण (R) :** विशाल आँकड़े (Aggregate Statistics) बड़ी जनसंख्या की संख्यात्मक विशेषताओं को दर्शाकर सामाजिक प्रघटनाओं के अस्तित्व का प्रमाण प्रदान करती है।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।**<br>**(घ) A असत्य है और R सत्य है।** | |
| **2** | **निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :**<br>**अभिकथन(A) : जाति भारतीय समाज से जुड़ी एक विशिष्ट सामाजिक संस्था मानी जाती है।**<br>**कारण (R) : यद्‌यपि विश्व के अनेक भागों में सामाजिक स्तरीकरण की व्यवस्थाएँ पाई जाती हैं, फिर भी जाति व्यवस्था को भारत की एक विशिष्ट संस्था माना जाता है।**<br>**(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।**<br>**(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।**<br>**(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।**<br>**(घ) A असत्य है और R सत्य है।** | **1** |
| **3** | **चाय की बागान व्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**<br><br>**I. मजदूरों की भर्ती कई बार अनुचित तरीकों से की जाती थी।**<br>**II. बागानों में मजदूरों से कठोर परिस्थितियों में काम कराया जाता था।**<br>**III. औपनिवेशिक सरकार मजदूरों के हितों की पूर्ण सुरक्षा करती थी।**<br>**IV. ब्रिटिश बागान मालिकों को सरकारी समर्थन प्राप्त था।**<br><br>**सही विकल्प का चयन कीजिए–**<br><br>**(क) I और II**<br>**(ख) II और III**<br>**(ग)I, II और IV**<br>**(घ) III और IV** | **1** |
| **4** | **निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :**<br><br>**अभिकथन(A) : विकलांगता केवल शारीरिक स्थिति नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना का भी परिणाम है।** | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | कारण (R) : समाज विकलांग व्यक्तियों के प्रति नकारात्मक धारणाएँ और भेदभावपूर्ण व्यवहार अपनाता है।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है और R सत्य है। | |
| 5 | पंथनिरपेक्षीकरण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?<br><br>(क) पंथनिरपेक्षीकरण का अर्थ ऐसी प्रक्रिया है जिसमें धर्म के प्रभाव में कमी आती है।<br>(ख) आधुनिकीकरण के समर्थकों के अनुसार आधुनिक समाज अधिकाधिक पंथनिरपेक्ष होता है।<br>(ग) पंथनिरपेक्षीकरण के सभी सूचक धार्मिक संस्थाओं और लोगों के बीच बढ़ती निकटता को दर्शाते हैं।<br>(घ) हाल के वर्षों में धार्मिक चेतना और धार्मिक संघर्ष के उदाहरण सामने आए हैं। | 1 |
| 6 | नागरिक समाज के संगठन समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि–<br><br>(क) वे केवल राजनीतिक दलों और चुनावों के लिए कार्य करते हैं।<br>(ख) वे वंचित समूहों के अधिकारों की रक्षा करते हैं तथा सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाते हैं।<br>(ग) उनका कार्य केवल सरकारी नीतियों को लागू करना होता है।<br>(घ) वे केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ही कार्य करते हैं। | 1 |
| 7 | 21वीं सदी में लैंगिक असमानता एक नई चुनौती इसलिए बनी है क्योंकि–<br><br>(क) लैंगिक संबंधी सभी कानून बदल दिए गए हैं।<br>(ख) लैंगिक अन्याय के नए रूप तथा बाल लैंगिक अनुपात में गिरावट सामने आई है।<br>(ग) महिलाओं के प्रति भेदभाव समाप्त हो गया है।<br>(घ) सामाजिक सुधार आंदोलन 19वीं सदी में समाप्त हो गए। | 1 |
| 8 | निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन “अभिकथन(A)” के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन “कारण (R)” के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें : | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **अभिकथन(A) : भारतीय धर्मनिरपेक्षता सभी धर्मों के प्रति समान आदर का भाव रखती है।**<br>**कारण (R) : भारतीय धर्मनिरपेक्षता का अर्थ राज्य और धर्म का पूर्ण पृथक्करण तथा सभी धर्मों का विरोध करना है।**<br>**(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।**<br>**(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।**<br>**(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।**<br>**(घ) A असत्य है और R सत्य है।** | |
| **9** | **उन्नीसवीं शताब्दी में सामाजिक सुधार आंदोलनों का उदय इसलिए हुआ क्योंकि–**<br><br>**(क) उपनिवेशवाद से पहले भारतीय समाज में कोई सामाजिक कुरीति नहीं थी।**<br>**(ख) समाज सुधारकों ने केवल पाश्चात्य विचारों का विरोध किया और प्राचीन भारतीय साहित्य की उपेक्षा की।**<br>**(ग) समाज सुधारकों ने सती प्रथा, बाल-विवाह, विधवा पुनर्विवाह निषेध तथा जाति-भेद जैसी सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया तथा उनके विचार आधुनिक पाश्चात्य विचारों और प्राचीन भारतीय साहित्य की नई दृष्टि से प्रभावित थे।**<br>**(घ) सभी सामाजिक सुधार आंदोलन औपनिवेशिक सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए थे।** | **1** |
| **10** | **निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :**<br>**अभिकथन(A) : अंग्रेजी भाषा के ज्ञान ने अनेक वंचित समूहों, विशेषकर दलितों, के लिए नए अवसरों के द्वार खोले हैं।**<br>**कारण (R) : भूमंडलीकरण के दौर में अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक महत्वपूर्ण भाषा बन गई है।**<br>**(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।**<br>**(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।**<br>**(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।**<br>**(घ) A असत्य है और R सत्य है।** | **1** |
| | **दिए गए गद्यांश को पढ़ें**<br>**"उन्नीसवीं सदी के परवर्ती दशकों से लेकर आगे भी औपनिवेशिक सरकार ने अधिकांश वन-प्रदेश अपने उपयोग के लिए आरक्षित कर लिए और आदिवासियों को वहाँ की उपज इकट्ठी करने और झूम खेती के लिए उनका उपयोग करने के अधिकारों से वंचित कर** | |

| | | |
|---|---|---|
| | दिया। इस नीति के चलते, आदिवासियों से उनकी आजीविका के मुख्य आधार छीन लिए गए और इस प्रकार उनके जीवन को पहले की अपेक्षा अधिक अभावपूर्ण और असुरक्षित बना दिया गया।"<br><br>दिए गए गद्यांश के आधार पर, प्रश्न 11 और प्रश्न 12 का उत्तर दें | |
| 11 | आदिवासियों की आजीविका के मुख्य आधार क्यों छिन गए?<br><br>(क) उन्होंने स्वेच्छा से वन-प्रदेश छोड़ दिए।<br>(ख) औपनिवेशिक सरकार ने वन-प्रदेश आरक्षित कर उनके अधिकारों से वंचित कर दिया।<br>(ग) उन्होंने झूम खेती करना बंद कर दिया।<br>(घ) वे केवल नगरों में बस गए। | 1 |
| 12 | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?<br><br>(क) आदिवासियों के जीवन में पहले की अपेक्षा अधिक सुरक्षा आई।<br>(ख) औपनिवेशिक सरकार ने आदिवासियों को वनों की उपज इकट्ठी करने तथा झूम खेती के अधिकारों से वंचित कर दिया।<br>(ग) वन-प्रदेश आदिवासियों के उपयोग के लिए आरक्षित किए गए।<br>(घ) आदिवासियों की आजीविका पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। | 1 |
| | दिए गए गद्यांश को पढ़ें -<br>अल्पसंख्यक शब्द का समाजशास्त्रीय भाव यह भी है कि अल्पसंख्यक वर्ग के सदस्य एक सामूहिकता का निर्माण करते हैं, यानी उनमें अपने समूह के प्रति एकात्मता, एकजुटता और उससे संबंधित होने का प्रबल भाव होता है। यह भाव हानि अथवा असुविधा से जुड़ा है, क्योंकि पूर्वाग्रह और भेदभाव का शिकार होने का अनुभव प्रायः अपने ही समूह के प्रति निष्ठा और दिलचस्पी की भावनाओं को बढ़ावा देता है।<br><br>दिए गए गद्यांश के आधार पर प्रश्न 13 और 14 का उत्तर दीजिए। | |
| 13 | अल्पसंख्यक वर्ग के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?<br><br>(क) अल्पसंख्यक वर्ग के सदस्यों में अपने समूह के प्रति एकजुटता का भाव होता है।<br>(ख) पूर्वाग्रह और भेदभाव का अनुभव अपने समूह के प्रति निष्ठा की भावना को बढ़ा सकता है।<br>(ग) अल्पसंख्यक शब्द का अर्थ केवल संख्या में कम होना है।<br>(घ) अल्पसंख्यक शब्द का समाजशास्त्रीय अर्थ भी है। | 1 |
| 14 | निम्नलिखित कथनों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | I. अल्पसंख्यक वर्ग के सदस्यों में अपने समूह के प्रति एकात्मता, एकजुटता तथा उससे संबंधित होने का प्रबल भाव होता है।<br>II. पूर्वाग्रह और भेदभाव का अनुभव होता है।<br>III. अपने ही समूह के प्रति निष्ठा और दिलचस्पी की भावनाएँ बढ़ती हैं।<br>IV. अल्पसंख्यक शब्द का समाजशास्त्रीय अर्थ केवल संख्या में कम होना नहीं है।<br><br>सही क्रम की पहचान कीजिए।<br><br>(क) IV, I, II, III<br>(ख) I, IV, II, III<br>(ग) II, IV, I, III<br>(घ) IV, II, I, III | |
| 15 | राष्ट्र के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?<br>(क) प्रत्येक राष्ट्र की एक ही समान भाषा होती है।<br>(ख) प्रत्येक राष्ट्र का एक ही समान धर्म होता है।<br>(ग) प्रत्येक राष्ट्र को परिभाषित करने के लिए कोई एक समान विशेषता पर्याप्त नहीं होती।<br>(घ) प्रत्येक राष्ट्र एक ही राजनीतिक व्यवस्था पर आधारित होता है। | 1 |
| 16 | निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :<br>अभिकथन(A) : भारत में सामाजिक विषमता एवं बहिष्कार को अनेक लोग जीवन की एक वास्तविकता मानते हैं।<br>कारण (R) : लोग प्रतिदिन बाल श्रम, बच्चों का शिक्षा से वंचित होना, जातिगत भेदभाव, महिलाओं के विरुद्ध हिंसा तथा अल्पसंख्यक समुदायों एवं अन्यथा सक्षम लोगों के प्रति पूर्वाग्रह जैसी घटनाएँ देखते हैं।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है और R सत्य है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड ख** | |
| **17** | **"भारत में 21वीं सदी में नगरीकरण की प्रक्रिया अत्यंत तीव्र गति से बढ़ रही है तथा महानगरों का विस्तार निरंतर हो रहा है।"**<br><br>**स्पष्ट कीजिए कि भारत में नगरीकरण की प्रक्रिया को गति देने वाले प्रमुख कारण कौन-कौन से हैं?** | **2** |
| **18** | **'आधुनिक विचार और समाज सुधार'**<br><br>**औपनिवेशिक भारत में समाज सुधार आंदोलनों के प्रसार में नई प्रौद्योगिकी तथा जन-संचार की भूमिका का वर्णन करते हुए एक समाजशास्त्री कहता है कि प्रिंटिंग प्रेस, टेलीग्राफ, रेल तथा समाचार-पत्रों ने सुधारवादी विचारों के प्रसार को तीव्र गति प्रदान की।**<br><br>**"नए विचार तभी प्रभावी बनते हैं जब वे संचार के माध्यम से लोगों तक पहुँचते हैं।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं? कारण दीजिए।** | **2** |
| | **अथवा** | |
| | **औपनिवेशिक भारत में समाज सुधार संबंधी वाद-विवाद का वर्णन करते हुए एक समाजशास्त्री कहता है कि मुस्लिम समाज सुधारकों ने बहुविवाह का सक्रिय रूप से विरोध किया तथा *तहसिब-ए-निसवान* ने बहुविवाह-विरोधी विचारों का समर्थन किया। इस विषय पर अखबारों और पत्रिकाओं में लगातार बहस होती रही।**<br><br>**"अक्सर यह माना जाता है कि महिलाओं से संबंधित समाज सुधार के वाद-विवाद केवल हिंदू समाज तक ही सीमित थे।" क्या यह धारणा सही है? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए।** | |
| **19** | **"औपनिवेशिक काल में पुराने शहरों का अस्तित्व कमजोर होता गया और उनकी जगह नए औपनिवेशिक शहरों का उद्भव और विकास हुआ।"**<br><br>**क्या यह कथन सही है? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए।** | **2** |
| **20** | **व्यक्ति के जीवन में सामुदायिक पहचान के महत्व को स्पष्ट करने के लिए कोई दो कारण लिखिए।** | **2** |
| **21** | **"सामाजिक स्तरीकरण व्यक्तियों के बीच की प्राकृतिक भिन्नता का मात्र प्रतिबिंब नहीं, बल्कि समाज की एक विशेषता है।" इस कथन का अर्थ अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।** | **2** |
| **22** | **मूल परिवार और विस्तृत परिवार में क्या अंतर है?** | **2** |

| | | |
|---|---|---|
| | **अथवा** | |
| | **परिवार संरचना के आधार पर पितृतंत्रात्मक तथा मातृतंत्रात्मक परिवार में क्या अंतर है?** | |
| **23** | **"परिवार की संरचनाएँ सदैव एक जैसी रहती हैं और उनमें कोई परिवर्तन नहीं होता।" आप इस कथन को असत्य कैसे सिद्ध करेंगे?** | **2** |
| **24** | **"प्रजनन दर का अर्थ है बच्चे पैदा कर सकने की आयु जो आमतौर पर 15-49 वर्ष की मानी जाती है वाली प्रति 1000 स्त्रियों की इकाई के पीछे जीवित जन्में बच्चो की संख्या को दर्शाती है।"<br><br>यदि जनसांख्यिकीविविद् केवल स्थूल औसत दर का उपयोग करें और आयु विशेष दरों को नज़रअंदाज़ कर दें, तो क्या होगा?** | **2** |
| **25** | **"महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम ग्रामीण क्षेत्रों में भूख और भुखमरी की समस्या से निपटने की सरकार की एक पहल है।"<br><br>यह अधिनियम भूख और भुखमरी को कम करने में किस प्रकार सहायता करता है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।** | **2** |
| | **खंड ग** | |
| **26** | **जनसांख्यिकीय संक्रमण सिद्धांत के अनुसार जनसंख्या वृद्धि विकास के विभिन्न चरणों से गुजरती है। इस सिद्धांत की कोई चार विशेषताएँ लिखिए।** | **4** |
| **27** | **"समकालीन जनजातीय पहचानें केवल जनजातियों की आदिम (मौलिक) विशेषताओं पर आधारित नहीं हैं, बल्कि मुख्यधारा के साथ अंतःक्रियात्मक प्रक्रिया का परिणाम हैं।" कथन की पुष्टि कीजिए।** | **4** |
| **28** | **पूर्वाग्रह की प्रमुख विशेषताओं का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।** | **4** |
| **29** | **क्या सामाजिक बहिष्कार केवल समाज में घुलने-मिलने से वंचित कर देने तक ही सीमित है? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए।** | **4** |

| | | |
|---|---|---|
| 30 | राष्ट्र एक विशिष्ट प्रकार का समुदाय है तथा उसका राज्य से घनिष्ठ संबंध होता है। स्पष्ट कीजिए कि राष्ट्र अन्य प्रकार के समुदायों से किस प्रकार भिन्न है। यह भी स्पष्ट कीजिए कि राष्ट्र और राज्य के बीच संबंध सदैव 'एक राष्ट्र-एक राज्य' का नहीं होता। | 4 |
| 31 | "भारतीय राष्ट्रवाद समावेशात्मक एवं लोकतांत्रिक दृष्टि से चिह्नित रहा है।" इस कथन के कारण स्पष्ट कीजिए। | 4 |
| | **अथवा** | |
| | "समावेशात्मक एवं लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए अल्पसंख्यकों के अधिकारों का संरक्षण महत्त्वपूर्ण है।" कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। | |
| 32 | "ब्रिटिश औद्योगीकरण के कारण भारत के कुछ क्षेत्रों में औद्योगिक क्षरण (डीइंडस्ट्रियलाइजेशन) हुआ।"<br>कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। | 4 |
| | **खंड घ** | |

33 तालिका में दिए गए आँकड़ों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**सारणी 3: भारत में गिरता हुआ स्त्री-पुरुष अनुपात, 1901–2011**

| वर्ष | स्त्री-पुरुष अनुपात (सभी आयु वर्गों में) | पिछले दशक की तुलना में अंतर | बाल स्त्री-पुरुष अनुपात (0–6 वर्ष) | पिछले दशक की तुलना में अंतर |
|---|---|---|---|---|
| 1901 | 972 | – | – | – |
| 1911 | 964 | –8 | – | – |
| 1921 | 955 | –9 | – | – |
| 1931 | 950 | –5 | – | – |
| 1941 | 945 | –5 | – | – |
| 1951 | 946 | +1 | – | – |
| 1961 | 941 | –5 | 976 | – |
| 1971 | 930 | –11 | 964 | –12 |
| 1981 | 934 | +4 | 962 | –2 |
| 1991 | 927 | –7 | 945 | –17 |
| 2001 | 933 | +6 | 927 | –18 |
| 2011 | 943 | +10 | 919 | –8 |

टिप्पणी : स्त्री-पुरुष अनुपात को प्रति 1000 पुरुषों के पीछे स्त्रियों की संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है

स्रोत : 2011 की जनगणना के आधार पर

(क) भारत में गिरते हुए स्त्री-पुरुष अनुपात के सामाजिक परिणामों की व्याख्या कीजिए। 4

(ख) भारत में बाल स्त्री-पुरुष अनुपात चिंता का विषय क्यों है? 2

(प्र.33 दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों हेतु)

| | | |
|---|---|---|
| | निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :<br><br>20वीं शताब्दी के आरम्भ में भारत में प्रति 1000 पुरुषों पर 972 महिलाएँ थीं, जो 21वीं शताब्दी के प्रारम्भ (2001) तक घटकर 933 रह गईं। 1961 से 1991 के बीच स्त्री-पुरुष अनुपात में लगातार गिरावट दर्ज की गई और 1991 में यह 927 के न्यूनतम स्तर पर पहुँच गया। 2001 में इसमें हल्का सुधार हुआ तथा 2011 की जनगणना के अनुसार स्त्री-पुरुष अनुपात बढ़कर 943 हो गया। दूसरी ओर, बाल स्त्री-पुरुष अनुपात में 1961 के बाद निरन्तर गिरावट देखी गई और 2011 में यह 919 रह गया, जो भविष्य के लिए चिंता का विषय है।<br><br>(क) भारत में गिरते हुए स्त्री-पुरुष अनुपात के सामाजिक परिणामों की व्याख्या कीजिए।<br><br>(ख) भारत में बाल स्त्री-पुरुष अनुपात चिंता का विषय क्यों है? | |
| 34 | "जाति की सदस्यता केवल जन्म से निर्धारित नहीं होती, बल्कि उसके साथ अनेक सामाजिक नियम एवं दायित्व भी जुड़े होते हैं।" कथन की विवेचना कीजिए। | 6 |
| 35 | आधुनिकीकरण की विशेषताओं को सूचीबद्ध कीजिए तथा उनका वर्णन कीजिए। | 6 |